मंगलवार
22 अगस्त 2023



पृष्ठ 4

**महिलाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले!**



पृष्ठ 5

**बदलाव के दौर से गुजर रहा है ओटीटी प्लेटफॉर्मः रिद्धि डोगरा**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 195
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
सांध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्यों कि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है।
– रहीम

# आसमानी आफत से संकट में जनजीवन

## ❑26 अगस्त तक पूरे राज्य में मूसलाधर बारिश का अलर्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य में बीते एक माह से भारी बारिश का जो सिलसिला जारी है वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर आज राज्य के 7 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज तथा पांच जिलों में येलो अलर्ट जारी करते हुए 26 अगस्त तक मूसलाधार बारिश की संभावना जताई है। जिसके मद्देनजर सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को अलर्ट किया है।



### ❑सड़के बंद, कई क्षेत्रों में खाद्यान्न संकट बढ़ा
### ❑सीएम ने अधिकारियों को किया सतर्क

मौसम विभाग द्वारा 2 दिन पूर्व की गई भविष्यवाणी के अनुरूप राजधानी दून सहित पूरे राज्य में भारी बारिश का क्रम जारी रहा। बीती रात राजधानी में भारी बारिश के कारण पूरा शहर पानी पानी हो गया और सड़कों पर सैलाब जैसी स्थिति देखी गई जिसके कारण आवागमन में भारी दिक्कतें हुई। कई जगह वाहन पानी में फंस गए। उधर ऋषिकेश और हरिद्वार में भारी बारिश के कारण कई बस्तियों और क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लक्सर में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। चमोली में भू-धसाव के कारण 40 परिवार खतरे की जद में आ गए हैं तथा घरों के क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान हैं। कोटद्वार में के गदेरे में आए उफान से एक कार पानी के तेज बहाव में बह गई। गनीमत रही कि चालक ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। कोटद्वार में भारी बारिश के बीच सिद्धबली मंदिर के पास भारी भूस्खलन के कारण रास्ता बंद हो गया है। दुगड्डा और कोटद्वार मार्ग पर मलबा आने से आवाजाही बंद हो गई है। उधर टिहरी के 94 नेशनल हाइवे पर भारी भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

### आपदा प्रभावितों की मदद को सरकार बना रही है योजनाः धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राज्य आपदा केंद्र जाकर राज्य में मानसूनी आपदा का जायजा और जानकारी ली तथा अधिकारियों को सतर्क किया है। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि राज्य में मानसूनी आपदा से भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि बड़ी संख्या में लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए सरकार की योजना बना रही है जिसमें बेघर लोगों के पुनर्वास और आर्थिक क्षतिपूर्ति से लेकर आपदा में अनाथ हुए बच्चों की शिक्षा व्यवस्था तथा कृषि क्षेत्र को हुए नुकसान के लिए मुआवजा देने की व्यवस्था की जाएगी।



# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग की महिला लीडर गिरफ्तार



### ❑कई जनपदों में है मुकदमें दर्ज, 61.500 का था ईनाम

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून सहित सात जिलों में कई लोगों के साथ करोड़ों रूपये की धोखाधडी करने वाली ईनामी महिला गैंग लीडर को एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गैंग के तीन सदस्य पूर्व में ही गिरफ्तार किये जा चुके है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान ''आप्रेशन प्रहार'' के तहत एसटीएफ द्वारा जनपद बागेश्वर, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, जनपद चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी तथा देहरादून के विभिन्न थानों में करीब 15 मुकदमों में वांछित चल रही महिला आरोपी मोनिका कपूर पत्नी सन्दीप कपूर निवासी 345 पंजाबी बाग, प्रगति अपार्टमेन्ट दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस पर 4 जनपदो से अलग-अलग कुल 61, 500 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। बताया कि इन जनपदों में इस महिला के खिलाफ करीब 15 मुकदमें दर्ज है।

बताया कि गिरफ्तार मोनिका कपूर जनशक्ति मल्टी स्टेट मल्टी परपज को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि. नामक कम्पनी की निदेशक थी, जिसका मुख्यालय राठी बिल्डिंग,बीना एन्कलेव नागलोई दिल्ली था। जिसके द्वारा अपने

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# हरियाणवी सिंगर राजू पंजाबी का निधन

हरियाणा। हरियाणा के जाने माने गायक 40 वर्षीय राजू पंजाबी का बीती मंगलवार रात देहांत हो गया। जानकारी के मुताबिक वह हिसार के निजी अस्पताल में पिछले 10 दिनों से भर्ती चल रहे थे, जहां उनका उपचार चल रहा था। बताया जा रहा था कि वे पीलिया से ग्रसित थे। मौत की खबर सुन अब उनके फैंस और रिश्तेदार अस्पताल पहुंचना शुरू हो गए हैं। राजू पंजाबी अपने पीछे अपनी पत्नी और तीन बेटियों को छोड़ गए हैं। जानकारी के मुताबिक राजू पंजाबी का उपचार हिसार के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। इस दौरान वह ठीक होकर वापस घर आ गए थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजू पंजाबी ने अपनी आवाज की छाप हरियाणा में ही नहीं बल्कि पंजाब और राजस्थान में भी छोड़ी हुई है। उनके तू चीज लाजवाब, देसी-देसी और सॉलिड बॉडी जैसे चर्चित गाने बड़े फेमस हुए हैं। 12 अगस्त को आखिरा गाना रिलीज हुआ था। उन्होंने हरियाणा म्यूजिक इंडस्ट्री को नई पहचान और गानों को नई राह दिखाई। हरियाणा में राजू पंजाबी और सपना चौधरी की जोड़ी काफी मशहूर हुई थी।



# पत्रकार हत्याकांड मामले में मुख्य शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। बिहार के अररिया के रंजीगंज इलाके में घर में घुसकर पत्रकार की हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर गिरफ्तार को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही हत्या करने की वजह भी जानने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पत्रकार हत्या के मामले में नामजद आरोपी रानीगंज थाना के बेलसारा गांव निवासी अर्जुन शर्मा को गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा पर जोगबनी थानान्तर्गत चाणक्या चौंक से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन शर्मा का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि पत्रकार हत्या मामले में इसने मुख्य शूटर की भूमिका निभाई थी।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह जिले के रानीगंज स्थित दैनिक अखबार के संवाददाता विमल कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपराधियों ने पत्रकार के घर पर पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में विमल यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में दो आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं। पुलिस का कहना है कि इस मामले में रंजिशन पत्रकार को निशाना बनाया गया, जिन लोगों को पीड़ित परिवार ने नामजद किया था उनसे पहले से ही विवाद चल रहा था। हालांकि इस केस को दूसरे एंगल से भी देखा जा रहा है। बता दें कि बदमाश पहले विमल यादव के घर में दाखिल हुए और उन्हें जगाया। बातचीत के बहाने घर के बाहर ले गए और वहीं गोली मार दी। इस घटना के बाद पत्रकारों को गुस्सा प्रशासन पर फूट पड़ा। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस के आलाअधिकारी पहुंचे और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी का वादा और दावा दोनों किया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आपदा की मार बेहिसाब

उत्तराखंड में हो रही आफत की बारिश न सिर्फ इंसानों की जान पर भारी पड़ रही है बल्कि इससे राज्य को भारी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। सामाजिक जनजीवन का ताना-बाना तहस-नहस होता जा रहा है और आम आदमी अपने भावी भविष्य की चिंताओं से घिरा हुआ है। शासन और प्रशासन भले ही लोगों की हर संभव मदद की बात कर रहा हों लेकिन धरातल पर प्रभावित लोगों को कितनी मदद पहुंच रही है? यह एक अलग सवाल है। बीते कल चंबा में दिन के उजाले में एक कार पर पहाड़ से मलबा गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू टीम इनमें से किसी एक को भी जीवित मलबे से नहीं निकाल सकी। राज्य में हर रोज लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं इस मानसूनी आपदा में अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तथा हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। शासन-प्रशासन इन लोगों को राहत शिविरों तक पहुंचाने और शवों को ढूंढने या फिर मलबे से निकालने के काम में ही लगा हुआ है इन लोगों तक किसी तरह की आर्थिक मदद नहीं पहुंच पा रही है। राज्य के किसानों की फसलों और जमीनों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कर पाना किसी भी सूरत में संभव नहीं दिख रहा है। इस मानसूनी आपदा से राज्य के दर्जनों पुल और पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सड़कों की हालत क्या है? इस बात से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। सैकड़ों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट चुका है और वह खुद न तो बाजार तक पहुंच पा रहे हैं और न ही जरूरी सामान उन लोगों तक पहुंच पा रहा है। ऐसी स्थिति में उनका जीवन यापन कितना मुश्किल हो गया है इसे सिर्फ स्वयं वही जा सकते हैं। इस मौसम में बेघर बार हुए लोग अपने भविष्य की चिंताओं से इस कदर घिरे हुए हैं कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह अब करें तो क्या करें? सत्ता में बैठे लोग अगर यह कह कर कि आपदा पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं होता है अपने उत्तरदायित्व से पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। खास बात यह है कि इस मानसूनी काल में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कैसे होगी। जिन सड़कों और पुलों को नुकसान पहुंचा है क्या उन्हें मानसूनी सीजन समाप्त होने के बाद दुरस्त कर लिया जाएगा। पिछले समय का अनुभव यही रहा है कि मानसूनी आपदा में इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान को सालों साल तक नहीं सुधारा जा सकता। जो पुल तीन-चार साल पहले टूट गए थे वह आज तक नहीं बन सके हैं ऐसी स्थिति में आज जब दर्जनों पुल और राज्य की लगभग सभी सड़के इस आपदा में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है उन्हें कैसे सुधारा जा सकेगा या उनका पुनर्निर्माण संभव है। राज्य में भू धंसाव और भूस्खलन की जद में आए सैकड़ों गांवों के विस्थापन तक की अनेक समस्याएं ऐसी है जिनके निस्तारण के लिए राज्य सरकार को लाखों करोड़ रुपए की जरूरत है भले ही केंद्र सरकार चाहे जितनी मदद को तैयार हो लेकिन काम करना भी एक बड़ी समस्या है। स्मार्ट सिटी के कामों का अभी तक पूरा न होना इसका एक उदाहरण है फिर बड़े-बड़े पुलों के निर्माण में तो कई कई साल का समय लग जाता है। खैर राज्य में इस मानसूनी सीजन के बाद सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य की सड़कों और पुलों की मरम्मत करना ही होगा।

# चम्बा की घटना पर माहरा ने दुःख प्रकट किया

देहरादून (सं)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने चम्बा में हुए हादसे पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक हादसे में कई लोग असमय काल कल्वित हो गये हैं उनके परिजनों के लिए यह असहनीय दुःख है हम इस दुःख की घडी में उनके साथ हैं। आज यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने जनपद टिहरी गढ़वाल के चम्बा में भारी भूस्खलन से हुए हृदय विदारक हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। करन माहरा ने दैवीय आपदा के चलते हुए इस हादसे मे मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है तथा हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि इस हृदय विदारक हादसे में कई लोग असमय काल कल्वित हो गये हैं उनके परिजनों के लिए यह असहनीय दुःख है हम इस दुःख की घडी में उनके साथ हैं। करन माहरा ने जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे राहत बचाव कार्य में प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को राहत पहुंचाने में मदद करें। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भूस्खलन के चलते मारे गये लोगों के परिजनों को समुचित मुआवजा दिये जाने तथा घायलों का सम्पूर्ण उपचार कराये जाने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार से यह भी मांग की है कि भारी बरसात की चेतावनी के चलते संवेदनशील क्षेत्र के लोगों का समय रहते विस्थापन सुनिश्चित किया जाए ताकि इस प्रकार के हादसों से होने वाली जानमाल की हानि से बचा जा सके।

प्रेष्ठं वो अतिथिं स्तुषे मित्रमिव प्रियम्।
अग्निं रथं न वेद्यम्।।

(ऋग्वेद ८-८४-१)

प्रभु सर्वव्यापक है। वह हमारे अंत:करण में भी विद्यमान हैं। परंतु अज्ञानता के आवरण को हटाकर ही हम उनकी विद्यमानता की अनुभूति कर सकते हैं। वह हमारे अतिथि हैं। हमारा शरीर हमारा रथ है और प्राण सखा है। परमेश्वर हमारे सबसे प्रिय हैं और स्तुति के योग्य हैं।

# यूथ रेडक्रास एवं विश्वनाथ कल्याण समिति के रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता




देहरादून। जिला यूथ रेडक्रास कमेटी तथा विश्वनाथ एन्क्लेव जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में कुड़ियाल भवन, विश्वनाथ एन्क्लेव, सहस्त्रधारा रोड देहरादून में श्री महंत इंदिरेश हास्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नि:शुल्क वायरलेस हियरिंग एड, बैसाखी, स्टिक, चश्मा आदि वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा, विश्वनाथ एन्क्लेव जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुबोध जैन, महासचिव शशिकांत सिंघल, कोषाध्यक्ष अमित कल्याण, जिला रेडक्रास के चेयरमैन डॉ० एम एस अंसारी, सचिव श्रीमती कल्पना बिष्ट, यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य श्री विकास कुमार, रेडक्रास सदस्या मेजर प्रेमलता वर्मा, कार्यालय अधिकारियों आशीष कुमार चनालिया तथा श्रीमती रूपाली शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा द्वारा यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा को 150 से अधिक बार रक्तदान करने हेतु रक्तदाता परमवीर सेवा अवॉर्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया।

इस विशेष रक्तदान शिविर में 65 युवा महिलाओं व पुरुषों ने रक्तदान किया। लगभग 300 लोगों की सीनियर फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच की गई। साथ ही अनेक लोगों को नि:शुल्क वायरलेस हियरिंग एड, चश्मे, बैसाखी तथा छड़ी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि रक्तदान करना मानवता की नि:स्वार्थ सेवा की भावना है। एक व्यक्ति द्वारा किए गए रक्तदान से न केवल तीन व्यक्तियों का जीवन बचता है, बल्कि उनसे जुड़े परिवारों व संबंधियों की खुशियां लौट आती हैं।

जिला रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन

### ❑अनिल वर्मा रक्तदाता परमवीर सेवा अवॉर्ड से सम्मानित

डॉ० एम एस अंसारी ने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि विद्यादान, क्षमादान, नेत्र दान आदि समस्त दानों में रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना गया है। जान है तो जहान है के कारण ही इसे महादान कहा जाता है।

जिला रेडक्रास सचिव कल्पना बिष्ट ने कहा कि भारत में रक्तदान करने योग्य युवा महिलाओं में रक्तदाता महिलाओं की संख्या पांच प्रतिशत है जबकि रक्त की आवश्यकता महिलाओं को प्रसव आदि के दौरान तथा अन्य सर्जरी के लिए बहुत ज्यादा पड़ती है। अत: स्वस्थ महिलाओं को कम से कम सारे में दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा ने भारत को विश्व का सर्वाधिक युवाओं की जनसंख्या में वृद्धि होते वाला देश होते हैं भी रक्तदान के क्षेत्र में अभी भी मात्र 5-6 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदाता होने पर इसे शर्मनाक व चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस वैज्ञानिक युग में भी अनेक अंधविश्वास रक्तदान को लेकर समाज में व्याप्त हैं। उन्होंने अब तक 150 से अधिक बार रक्तदान करने के स्वयं के साथ अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शारीरिक कमजोरी आने अथवा अन्य कोई बीमारी लगने की बातें सरासर निराधार हैं।

जिला रेडक्रास सोसायटी की तरफ से मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा, विश्वनाथ समिति के पदाधिकारियों तथा समस्त रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

शिविर के कुशल संचालन में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के अधिकारियों आशीष कुमार चनालिया, श्रीमती रूपाली शर्मा, श्री गौरव खन्ना, जगबीर सिंह रावत, श्रीमती राज रानी शर्मा, डॉ० मुकुल शर्मा, महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष रोशन राणा, अपेक्स सुपर स्पेशलिटी आई केयर, मियांवाला ,देहरादून के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० विशाल शर्मा कोमा, नीड डेंटल केयर दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऊर्जा आहूजा , सहायक सचिन रमोला, विश्वनाथ जन कल्याण समित की श्रीमती अनिता रावत, गौरव अग्रवाल, आंचल सिंघल, डॉ मुकुल शर्मा, लक्ष्मी कुड़ियाल विनीत कुड़ियाल, श्री महंत इंद्रेश अस्पताल ब्लड बैंक के समन्वयक अमित चंद्रा एवं टीम का विशेष योगदान रहा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला दस हजार का ईनामी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



पिथौरागढ़। नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से 1 करोड़ 54 लाख की धोखाधड़ी करने वाले 10 हजार के ईनामी को पुलिस ने छतरपुर, दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मामले में दो आरोपियों को धारा- 41 (क) सीआरपीसी का नोटिस दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 15 जुलाई को जगदीश चन्द्र निवासी बजेटी पिथौरागढ़ द्वारा कोतवाली पिथौरागढ़ में तहरीर देकर बताया गया था कि धनेश लोहिया पुत्र स्व. पूरन राम, सोनी लोहिया पुत्री स्व. पूरन राम, निवासी पिथौरागढ़ व पंकज निवासी अज्ञात द्वारा 7 लोगों से डाक विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर आपराधिक षडयंत्र रचकर लगभग 59 लाख रुपयों की धोखाधड़ी की गई है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान मामला सही पाये जाने पर पुलिस ने नामजद दो आरोपियों धनेश कुमार लोहिया व सोनी लोहिया को धारा-41(क) सीआरपीसी का नोटिस तामील कराया गया। मामले में नामजद तीसरा आरोपी पंकज सिंह सामन्त पुत्र त्रिलोक सिंह, निवासी बपरौला दिल्ली अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदलकर छिप रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार के ईनाम की घोषणा की गई थी। जिसे पुलिस ने साइबर सैल की मदद से छतरपुर दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

जाँच में सामने आया कि आरोपी पंकज सिंह व धनेश लोहिया द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में 26 लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर 1 करोड़ 54 लाख 44 हजार रुपयों की धोखाधड़ी की गई है।



# 8 घंटे से ज्यादा सोना सेहत के लिए बन सकता है आफत...!

स्वस्थ जीवन जीने के लिए पर्याप्त और क्वालिटी स्लीप लेना जरूरी है. अक्सर विशेषज्ञ 7 से 8 घंटे की नींद लेने की सलाह देते हैं. इससे कम सोने पर आपको कई तरह की बीमारी हो सकती है.लेकिन क्या आपको मालूम है कि ज्यादा देर सोने से भी आपके शरीर को कई सारे नुकसान हो सकते हैं. जी हां अगर आप भी 8 घंटे से ज्यादा सोते हैं तो आपको इससे सेहत को होने वाले नुकसान को समझ लेना चाहिए.

ज्यादा सोने पर होने वाले नुकसान

1.जरूरत से ज्यादा सोने से व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हो सकता है. पीएलओएस के रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा सोना डिप्रेशन का कारण बन सकता है. जब आप ज्यादा सोते हैं तो इससे सुस्ती बनी रहती है काम में मन नहीं लगता. एकाग्रता में कमी आती है और ऐसे आप डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं.

2.जरूरत से ज्यादा नींद लेने से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन में छपी रिपोर्ट की माने तो जो लोग 9 से 11 घंटे की नींद लेते हैं उनमें दिल के रोग होने की संभावना 3० से 38 फसदी तक बढ़ जाती है.

3.ज्यादा देर सोने से आप फिजिकल इन एक्टिव हो जाते हैं. इस वजह से आप वेट गेन कर सकते हैं. आपको मोटापा के साथ पाचन संबंधित समस्याएं भी हो सकती है. एक स्टडी के मुताबिक जो लोग हर रात 9 या 1० घंटे सोते थे, उन्हें 8 घंटे की नींद लेने वालों की तुलना में 6 साल की अवधि में मोटे होने की संभावना 21 फ़ीसदी तक अधिक होती है.

4.कुछ लोग छुट्टियों में लंबे वक्त तक सो जाते हैं. उन्हें सिर दर्द की समस्या हो सकती है. जब आप ज्यादा देर तक सोते हैं तो सेरोटोनिन काफी अधिक स्राव हो जाता है. ऐसे में मस्तिष्क में कुछ न्यूरोट्रांसमीटर पर इसका प्रभाव पड़ने लगता है.

5.लंबे वक्त तक सोने से आपको पीठ दर्द की समस्या या शरीर में दर्द की समस्या हो सकती है. क्योंकि जब आप फिजिकल इन एक्टिव होते हैं तो आपके शरीर में ब्लड सरकुलेशन सही नहीं होता है. इस वजह से पीठ दर्द या बदन दर्द की परेशानी हो सकती है. सही ब्लड सर्कुलेशन के लिए एक्सरसाइज करना काफी जरूरी है.

# साउथ की खूबसूरत हसीना प्रज्ञा ने वनपीस में ढाया कहर



साउथ एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी खूबसूरती से फेंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फेंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ना सिर्फ साउथ में बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। उनकी हर एक अदाओं पर अक्सर फैंस अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस का दिल मचल गया है। हालांकि लोगों का उनके इस लुक से निगाहें हटाना मुश्किल हो गया है। प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इन फोटोस को क्लिक करवाते हुए ग्रीन कलर का वनपीस ड्रेस पहना हुआ है। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ के पुल बांधते नहीं थकते हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपनी परफेक्ट टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करते हुए किलर लुक्स दिए हैं। कानों में इयररिंग्स, ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।

# जनसुनवाई में आयी 120 शिकायतें

संवाददाता

देहरादून। जनसुनवायी में आयी 120 शिकायतों में से अधिकांश का जिलाधिकारी श्रीमति सोनिया मौके पर ही निस्तारण किया ।



आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जनसुनवाई में 120 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायतें भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त अतिक्रमण, जल भराव, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड बनाने, आयुषमान कार्ड से उपचार कराने, रास्ता रोके जाने, ट्यूबैल हेतु दी गई भूमि के बदले भूमि दिलवाने, भूमि का सीमाकंन करने, कोविड काल के दौरान अधिग्रहण किए गए वाहन का भुगतान कराने, शराब की ओवर रेटिंग आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अविवादित विरासतन के प्रकरण तथा भूमि सीमाकंन के प्रकरणों को त्वरित निस्तारित करें। साथ ही अतिक्रमण एवं सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर मौका मुआवना करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों को अभिलेखीय कार्यवाही पूरी करते हुए यथाशीघ्र निस्तारित करें।

भोपालपानी में घरों में पानी घुसने की शिकायत पर 2 विभागों द्वारा कार्यवाही अपेक्षित होने पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्या का स्थाई समाधान किया जाए यदि स्थाई समाधान में समय लग रहा है तो फौरी तौर पर कार्य करते हुए समस्या का समाधान करें। उन्होंने अन्य क्षेत्रों से आ रही जल भराव की समस्या पर संबंधित अधिकारियों को मौका मुआवना करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए। शराब की ओवर रेटिंग की शिकायत पर जिला आबकारी अधिकारी को औचक निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मालदेवता में सरकारी भूमि अतिक्रमण कर अवैध निर्माण की शिकायतों पर एमडीडीए के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माजरी माफी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर उपजिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ढालीपुर में अतिक्रमण तथा कोटड़ा सन्तौर में भूमि संबंधी विवाद पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। चकराता में लोनिवि का पुस्ता गिरने से घरों को खतरा होने की शिकायत पर लोनिवि के अधिकारियों को सुरक्षात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत सुधोवाला निवासी एक महिला द्वारा अपनी शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत एवं जल संस्थान की आपसी सहमति से वर्ष 2009 में उनकी निजी भूमि ट्यूबैल हेतु दी गई। जिसके बदले ग्राम पंचायत ने भूमि उपलब्ध कराई गई थी किन्तु वर्तमान में ग्राम पंचायत उस भूमि पर कोई कार्यवाही करने नहीं दे रही है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विकासनगर को पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी वैभव कुमार, उप जिलाधिकारी सदर नंदन कुमार, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, अधि अभि0 विद्युत राकेश कुमार, अधि0अभि0 सिंचाई डीसी उनियाल, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी विवेक शाह, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# घर से हजारों रुपये से भरा बैग चोरी

देहरादून (सं)। घर के अंदर से हजारों रुपये से भरा बैग चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेल नगर निवासी शिवम भाटिया ने पटेल नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रात्रि मे उसके निवास 15 पटेलनगर नियर गुलाटी स्वीट शाप में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में घूसकर एक गोल्डन कलर का बेग चुरा कर ले गया जिसमे एक मोबाइल फोन रेडमी कोम व नगद पांच हजार रुपये व एक सोने कि चेन थी व उसके पिता का एक आधार कार्ड था घर से चोरी कर ले गया है जो कि उनके घरके सीसीटीवी फूटेज में भी दिखाई दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है अस्थमा

भारत में लगभग 7० करोड़ लोग कोयला या केरोसिन स्टोव व अन्य घरेलू स्रोतों से निकलने वाले धुएं में सांस लेते हैं। यह धुआं कार्बन कणों, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, फॉर्मल-डी-हाइड और कैंसर कारक पदार्थ जैसे बेंजीन से भरपूर होता है। एक अध्ययन के अनुसार यह धुआं देश में अस्थमा का एक प्रमुख कारण है और यह बच्चों को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में डेढ़ से 2 करोड़ लोगों को दमा की शिकायत है और यह संख्या कम होने के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे। अध्ययनों से यह भी संकेत मिलता है कि बच्चों में अस्थमा का प्रसार अधिक होता है, क्योंकि उनकी सांस की नली छोटी होती है जो प्रदूषकों के कारण संकुचित होती जाती है। ड्रूक के अध्यक्ष डॉ. के. के. अग्रवाल ने कहा, अस्थमा एक पुराना श्वसन रोग है। यह ब्रॉन्कियल पैसेज के कम होते जाने का परिणाम है, जो फेफड़ों में ऑक्सिजन ले जाने के लिए जिम्मेदार होता है। अस्थमा के दो कारण हो सकते हैं- वायुमार्ग में बलगम एकत्र होने के कारण फेफड़े में सूजन और वायुमार्ग के चारों ओर की मांसपेशियों के तंग होने के कारण सूजन।

डॉ. अग्रवाल ने कहा, अस्थमा अक्सर खांसी के रूप में शुरू होता है। इस कारण इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता है। अक्सर कफ सिरप लेकर इसका इलाज करने की कोशिश की जाती है। बच्चों में इसकी पहचान करना मुश्किल होता है, क्योंकि उनमें श्वसन, घरघराहट, खांसी और छाती की जकड़न आदि लक्षण एकदम से नहीं दिखते। इसके अलावा, प्रत्येक बच्चे का अस्थमा अलग तरह का होता है। कुछ ऐसे ट्रिगर भी होते हैं जो अस्थमा के दौरे को बदतर बना सकते हैं। एक बार यदि बच्चे को अस्थमा होने का पता लग जाता है, तो घर से उसके कारणों या ट्रिगर्स को हटाने की जरूरत होती है या फिर बच्चे को इनसे दूर रखने की। युवाओं को यह समझ नहीं आता कि अस्थमा कैसे उनको नुकसान पहुंचा सकता है और इससे उनका दैनिक जीवन कैसे प्रभावित हो सकता है। यहां शिक्षा काम की चीज है। अस्थमा वाले बच्चों के माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा अपनी उस हालत के बारे में जागरूक है या नहीं। उसे आपातकालीन परिस्थिति के बारे में भी बता होना चाहिए ताकि मुश्किल होने पर वह मदद मांग सके।

# त्वचा की देखभाल के लिए घर पर बनाएं नारियल तेल से फेस मास्क

हर किसी की ख्वाहिश होती है कि उसकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहे और इसके लिए त्वचा की देखभाल करना बहुत जरूरी है।इसके लिए नारियल तेल से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।शोध में पाया गया है कि नारियल तेल से बने फेस मास्क त्वचा के लिए बेहतरीन तरीके से काम करते हैं।आइये आज घर पर नारियल तेल से फेस मास्क बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताते हैं।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले कटोरी में एक चौथाई चम्मच कप शिया बटर और इसी मात्रा में नारियल तेल डालकर दोनों को पिघला लें। अब इसमें एक बड़ी चम्मच कच्चा शहद मिलाकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को पूरे चेहरे पर लगाएं और कम-से-कम आधे घंटे के बाद पानी से धो लें।फायदे: इसमें एंटी-माइक्रोबिलय और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को मारते हैं और त्वचा को स्वस्थ रखते हैं। यह त्वचा को मॉइस्चराइज भी करता है।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच नारियल का तेल और टी ट्री ऑयल की 2-3 बूंदें डालकर अच्छे से मिला लें। आप इसे ज्यादा मात्रा में मिलाकर एक बोतल में भी भरकर रख सकते हैं और फिर रात में सोने से पहले इसे चेहरे पर लगाकर छोड़ दें।फायदे: इन दोनों सामग्रियों में एंटी-सेप्टिक और उपचार गुण होते हैं। इसे लगाने से अगले दिन आपको चमकदार त्वचा मिलती है।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले 3 बड़ी चम्मच नारियल तेल में आधी चम्मच हल्दी पाउडर, आधी चम्मच नींबू का रस और एक बड़ी चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद धो लें।फायदे: हल्दी में एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं, जो त्वचा के दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। इससे आपकी त्वचा चमकदार और साफ बनी रहती है।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच बेकिंग सोडा को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस फेस मास्क को अपने चेहरे पर लगाकर 10 मिनट तक उंगलियों से धीरे-धीरे मसाज करें।फायदे: यह फेस मास्क क्लींजर की तरह काम करता है। यह रोमछिद्रों से गंदगी और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है और चेहरे को चमकदार बनाता है।

फेस मास्क बनाने का तरीका: सबसे पहले एक चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच कॉफी पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट तक उंगलियों से गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें।फायदे: ये दोनों सामग्री एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो आपकी त्वचा को हानिकारक मुक्त कणों से बचाते हैं। यह कोलेजन के उत्पादन को भी बढ़ाता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। (आरएनएस)

# पुष्पा 2 से फहद फासिल की पहली झलक जारी

सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा: द राइज की आपार सफलता के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की अगली किस्त पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने पुष्पा 2 से अभिनेता फहद फासिल का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।पुष्पा 2 में फासिल एसपी शेखावत की भूमिका को दोहराएंगे। पुष्पा में आखिरी सीन में फहाद और अल्लू अर्जुन (पुष्पा राज) को आमने-सामने देखा गया था। भंवर सिंह की आंखों में भड़क रही ज्वाला साफ दिख रही थी। उस समय तो वो कुछ नहीं कर पाया, लेकिन अब पुष्पा 2 में बदला लेने के लिए वो पूरी तरह तैयार हैं। पुष्पा में अपने हरियाणवी अंदाज से उन्होंने हर किसी को हैरान कर दिया था। माइथ्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर पुष्पा 2 से फहद की पहली झलक साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, टीम पुष्पा 2: द रूल बेहद प्रतिभाशाली फहद फासिल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है। भंवर सिंह शेखावत सर प्रतिशोध के साथ बड़े पर्दे पर वापस आएंगे। खबरों की माने तो इस बार फहाद फासिल अल्लू अर्जुन को पहले से ज्यादा परेशान करते हुए नज़र आएंगे। वही फहाद के लुक और किरदार को पहले से ज्यादा बोल्ड बनाया जा रहा है जो काफी अग्रेशन में रहने वाला हैं। पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पुष्पा 2021 को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये की कमाई की थी। हर किसी के मन में यही सवाल है कि आखिर पुष्पा 2 कब रिलीज होगी? तो बता दें कि सेकंड पार्ट पुष्पा: द रूल इस समय प्रोडक्शन फेज में है। फिल्म लगभग पूरी होने वाली है। फिल्म इस साल के आखिरी में या फिर अगले साल की शुरुआत में रिलीज हो सकती है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# महिलाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले!



दिल का स्वस्थ रहना किसी भी इंसान की लाइफ के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन दिल की खराबी और दिल संबंधी बीमारियों यानी कार्डियोवैस?कुलर रोगों ने आजकल ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरु कर दिया है। हैल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि पहले दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक एक उम्र के बाद होता था लेकिन आजकल जवान और बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। खास बात ये है कि पिछले कुछ सालों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं दिल के दौरे की चपेट में ज्यादा आ रही हैं।

क्या कहती है स्टडी

इस संबंध में कराए गए अध्ययन में कहा गया है कि कार्डियोवैस?कुलर रोग संबंधी खतरे महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं हर साल महिलाओं में करीब 35 फीसदी मौतें केवल दिल संबंधी बीमारियों के चलते होती है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाओं में दिल संबंधी बीमारियों को लेकर जागरुकता फैलाई जाए। चलिए आज बात करते हैं कि महिलाओं में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज यानी हृदय संबंधी बीमारी से जुड़े रिस्क के लक्षण क्या क्या हो सकते हैं।

महिलाओं में हृदय संबंधी बीमारियों के संकेत क्या क्या हैं

हार्ट रिलेटेड बीमारियों के प्रति जागरुकता की कमी और हार्ट डिजीज के प्रति महिलाओं की सेंसेटिविटी ही महिलाओं को दिल संबंधी खतरों की ओर धकेल रही है। इसके कारण औरतें कम ही उम्र में हार्ट अटैक और हार्ट संबंधी दूसरे खतरों का शिकार हो रही हैं। हालांकि कुछ मामलों में महिलाओं में हार्ट की बीमारी से जुड़े संकेत पुरुषों से कुछ अलग हो सकते हैं। जैसे जबड़े में दर्द होना महिलाओं में हार्ट अटैक से पहले का एक सामान्य लक्षण है। इसके अलावा कंधे और बाएं सीने में दर्द होना भी एक सिंपटम है। इसके अलावा पीठ के ऊपरी भाग और पेट के ऊपरी हिस्से में रह रह कर दर्द होना भी हार्ट अटैक का संकेत है। लगातार पसीना आना, चक्कर आना भी कार्डिएक अरेस्ट का लक्षण है। कोई भारी काम ना करने के बावजूद आर्मस् पेन भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है।

किन महिलाओं को हो सकता है कार्डिएक अरेस्ट का ज्यादा खतरा

डॉक्टर अनुमान लगाते हैं वो महिलाएं जिनकी पारिवारिक हिस्टरी में हार्ट अटैक के मामले हैं, वो इसकी ज्यादा गिरफ्त में आती हैं। इसके अलावा डायबिटीज 2, मोटापा, हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप से पीड़ित महिलाएं भी दिल के दौरे और हार्ट रिलेटेड डिजीज का जल्दी शिकार बनती हैं। वो महिलाएं जिनका कोलेस्ट्रोल हाई रहता है, मैनोपॉज की स्थिति से जूझ रही महिलाएं, एंजाइटी और स्ट्रेस का शिकार महिलाएं, कम नींद लेने वाली महिलाएं और स्मोकिंग और अल्कोहल का ज्यादा सेवन करने वाली महिलाएं कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) का ज्यादा शिकार बनती हैं।(आरएनएस)

# काबुलीवाला से मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक जारी!

मिथुन चक्रवर्ती को पिछली बार विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स में देखा गया था। आने वाले दिनों में मिथुन काबुलीवाला में नजर आएंगे। इसका निर्देशन सुमन घोष द्वारा किया जा रहा है।अब निर्माताओं ने काबुलीवाला से मिथुन का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह काफी दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।काबुलीवाला की कहानी एक अफगान व्यक्ति रहमत और कोलकाता की एक छोटी लड़की मिनी के बीच अनोखी दोस्ती के इर्द-गिर्द घूमती है। जियो स्टूडियो ने ट्विटर पर मिथुन का पहला लुक साझा किया है। उन्होंने लिखा, काबुलीवाला के रूप में मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक जारी।काबुलीवाला में मिथुन रहमत की भूमिका अदा करते नजर आएंगे।इसमें अबीर चटर्जी और सोहिनी सरकार मिनी के माता-पिता के रूप में दिखाई देंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि छोटी लड़की का किरदार कौन निभाएगा।काबुलीवाला 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। यह फिल्म उस दौर को दर्शाती है जो हृदयस्पर्शी संबंधों के सार और प्यार के गहरे महत्व को समाहित करता है जो सीमाओं और संस्कृतियों दोनों को पार करते हुए कोई सीमा नहीं जानता है। वर्ष 1957 में, अग्रणी निर्देशक, तपन सिन्हा ने, सिल्वर सेल्युलाइड पर टैगोर की हार्दिक कथा को अमर बना दिया, और अब, 66 वर्षों की अवधि के बाद, निर्देशक सुमन घोष, जिन्होंने पहले समीक्षकों द्वारा प्रशंसित नोबेल चोर में मिथुन के साथ काम किया था, बंगाली सिल्वर स्क्रीन पर इस क्लासिक को फिर से जीवंत करके एक बार फिर जादू पैदा करने के लिए तैयार है।

## शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**


1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |





# आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का पहला गाना दिल का टेलीफोन 2.० जारी

आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की 'ड्रीम गर्ल 2' के ट्रेलर के बाद से ही फैंस की नजर फिल्म की रिलीज पर टिकी हुई हैं। आयुष्मान की इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का हर सीन और हर डायलॉग आपको हंसने पर मजबूर कर देगा। आयुष्मान और अन्नू कपूर की जोड़ी फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब फिल्म का पहला गाना 'दिल का टेलीफोन 2.०' जारी कर दिया गया है।

आयुष्मान खुराना के फैंस की बेसब्री भी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। एक्टर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का ट्रेलर देख भी लोगों ने काफी पसंद किया था। फिल्म में पूजा का अनोखा अंदाज पर फैंस का रिएक्शन देखने के लिए खुद आयुष्मान भी काफी एक्साइटेड हैं। अन्नू कपूर और आयुष्मान की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को अपना दीवाना बनाने में कामयाब होने वाली है। ऐसे में अब फिल्म का नया गाना दिल का टेलीफोन 2.० लोगों की धड़कने बढ़ाने के लिए रिलीज कर दिया गया है। ये फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

बॉलीवुड के पॉपुलर गाने दिल का टेलीफोन की प्यारी धुन को मेकर्स फिर से लेकर आए हैं। इस गाने के पुराना वर्जन ने भी लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। उस वक्त भी ये गाना लोगों ने काफी पसंद किया था। अब 'दिल का टेलीफोन' नए ट्विस्ट के साथ वही पुराना जादू बिखरने के लिए तैयार है। 'दिल का टेलीफोन 2.०' का कंपोजिशन मीत ब्रदर्स ने किया है, वहीं, जोनिता गांधी और जुबिन नौटियाल की जोड़ी ने गाने को अपनी आवाज दी है।

बात अगर 'ड्रीम गर्ल 2' की स्टारकास्ट की करें तो आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आ रही हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में और भी कई ऐसे टैलेंटेड स्टार नजर आने वाले हैं, जो हंसी और मनोरंजन के विस्फोट का वादा करती है। इनमें अभिषेक बनर्जी, परेश रावल, विजय राज, मनजोत सिंह, राजपाल यादव, सीमा पाहवा, मनोज जोशी, अन्नू कपूर और असरानी जैसे स्टार्स अपनी एक्टिंग टैलेंट से लोगों को हंसने पर मजबूर कर देंगे।

बता दें कि आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' साल 2०19 में आई उनक ही फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वल है। उस साल में इस फिल्म में आयुष्मान के अपोजिट नुसरत भरूचा नजर आई थीं। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की अपार सफलता के बाद 'ड्रीम गर्ल 2' को लाने की प्लानिंग की गई लेकिन इस बार आयुष्मान के साथ अनन्या पांडे नजर आ रही हैं। अब सालों बाद पूजा फिर से अपने आशिकों का दिल धड़काने के लिए तैयार है।

# फारिया अब्दुल्ला द जेंगाबुरु कर्स के दृश्यों को शूट करने असली खदान के अंदर 5०० फीट गहराई तक गई

अभिनेत्री फारिया अब्दुल्ला, जो अपनी आगामी स्ट्रीमिंग श्रृंखला द जेंगाबुरु कर्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने साझा किया है कि श्रृंखला के कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए टीम खदानों के अंदर 5०० फीट गहराई तक गई थी। इसके लिए उन्हें हेलमेट और जूते पहनने पड़े।

शूटिंग के कारण ऑक्सीजन का स्तर भी गिर गया। अपने शूटिंग अनुभव के बारे में बात करते हुए, प्रियंबदा दास का किरदार निभाने वाली फारिया अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने वास्तविक स्थानों पर शूटिंग की है, चाहे वह हवाई अड्डा हो या बाजार।

उन्होंने कहा, टीम ने स्थानों की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए वास्तव में प्रयास किए हैं। मुझे याद है कि एक व्यस्त बाजार में शूटिंग की गई थी और टीम लगातार लोगों को कैमरे में न देखने और कहीं और देखने का निर्देश दे रही थी। सबसे रोमांचक लेकिन रोमांचकारी हिस्सा शूटिंग का मुख्य भाग वास्तविक खदानों में शूट करना था।

हम कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए खदान के अंदर 5०० फीट की गहराई तक गए। हमें हेलमेट और जूते पहनने पड़े; जैसे ही हम खदान के अंदर गए, ऑक्सीजन का स्तर गिर गया। हम डर गए थे लेकिन अनुभव असली था।

स्टूडियो नेक्स्ट द्वारा निर्मित, द जेंगाबुरु कर्स नीला माधब पांडा द्वारा निर्मित और निर्देशित है। मयंक तिवारी द्वारा लिखित, पाउलो पेरेज़ श्रृंखला में डीओपी के रूप में कार्य करते हैं। आलोकानंद दासगुप्ता और दुर्गा प्रसाद महापात्र क्रमश: संगीत निर्देशक और प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में काम करते हैं। जबीन मर्चेंट द्वारा संपादित, श्रृंखला में फारिया अब्दुल्ला, नासिर, मकरंद देशपांडे, सुदेव नायर, दीपक संपत और हितेश दवे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज 9 अगस्त से सोनी लिव पर स्ट्रीम हुई है।

# बदलाव के दौर से गुजर रहा है ओटीटी प्लेटफॉर्म: रिद्धि डोगरा



'असुर', पिचर्स 2 और हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज 'बदतमीज दिल' में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने कहा, कि उन्हें लगता है, कि ओटीटी माध्यम बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

'असुर', पिचर्स 2 और हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज 'बदतमीज दिल' में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने कहा, कि उन्हें लगता है, कि ओटीटी माध्यम बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने ओटीटी पर बात करते हुए बताया कि ओटीटी मुख्य रूप से व्यक्तिगत देखने के लिए है। लेकिन मुझे लगता है कि इसका उल्टा हो रहा है। ऐसे कई शो बनाए जा रहे हैं जो पूरे परिवार के साथ आप देख सकते हैं।

'असुर' के साथ ओटीटी पर अपनी शुरुआत के बाद से अभिनेत्री ने लीक से हटकर विषयों को चुना है। उन्होंने कहा कि जब मैं टीवी छोड़कर ओटीटी में आई थी तो मैंने वहां अपने काम के माध्यम से अपनी पहचान बनाई।

रिद्धि ने कहा, मैं सेट पर जाने से पहले अपनी टीम के साथ किरदारों में समय लगाती हूं। सेट पर मैं यथासंभव तैयार रहना पसंद करती हूं।

अभिनेत्री ने कहा कि जहां तक कंटेंट की बात है तो हमारा शो उस दिशा में एक निश्चित प्रयास करता हैं, जिससे दर्शक इससे जुड़ने पर मजबूर हो जाए। (आरएनएस)

# दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2० अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी



साल 2०14 में आई हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म यारियां ने दर्शकों का दिल बखूबी जीता था। दिव्या खोसला कुमार के डायरेक्शन में बनी यारियां ने ऑडियंस से लेकर क्रिटिक्स तक सभी को इम्प्रेस किया। ऐसे में दिव्या अब यारियां 2 लेकर आ रही हैं, खास बात ये है कि इस बार वह डायरेक्टर नहीं बल्कि लीड रोल में नजर आएंगी। जिसका अंदाजा आप गुरुवार को रिलीज हुए यारियां 2 के टीजर को देख कर आसानी से लगा सकते हैं।

मेकर्स की ओर से यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया गया। जिसमें दिव्या खोसला कुमार फिल्म के लीड एक्टर मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी के साथ नजर आई। अब गुरुवार को टी सीरीज ने यारियां 2 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें ये दिखाया गया है कि एक लड़की के इर्द गिर्द दो लड़कों की कहानी घूमती रहती है। इस टीजर से ये अनुमान आसानी से लगाया गया कि इस बार यारियां की कहानी लव ट्राइंगल पर भी आधारित हो सकती है।

वरीना हुसैन, अनस्वरा रंजन, प्रिया वारियर और यश दास गुप्ता जैसे कलाकारों की झलक आपको इस टीजर में देखने को मिलेगी। यारियां 2 के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है। डायरेक्टर विनय सप्रू और राधिका राव के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

पहले पार्ट की अपार सफलता के बाद यारियां का सीक्वल आ रहा है। 9 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से दर्शकों को नई तरीके की यारियां देखने को मिलेगी। गौर करें यारियां 2 की रिलीज डेट की तरफ तो ये मूवी 2० अक्टूबर 2०23 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मालूम हो कि 2०14 में आई यारियां ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 4० करोड़ का कारोबार किया था, कम बजट में बनने की वजह दिव्या खोसला कुमार की इस फिल्म का पहला भाग हिट साबित हुआ था।

# जिम में वर्कआउट करती दिखीं भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक





भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हर एक झलक पाने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी फिटनेस देखकर फैंस का मन डोल गया है। हालांकि उनके इस लुक पर फैंस अपनी नजरें टिकाए बैठे हैं। भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल की हीरोइन नेहा मलिक आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी जिम वेयर में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी फिगर और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने से बिल्कुल भी नहीं कतरा रहे हैं। नेहा मलिक ने इस दौरान टाइट फिटेड पेंट और साथ ही स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अपने बालों की हाई पोनी बांध कर साथ ही सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को बखूबी से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी और फिटनेस फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर ये साबित होता है कि नेहा मलिक खुद को मेंटेन रखने के लिए काफी हेवी वर्कआउट करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# बिहार में भाजपा के लिए पूरा मैदान

अजीत द्विवेदी

बिहार में पिछले महीने भारतीय जनता पार्टी की एक रैली में उसके नेताओं, कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने जिस बर्बर अंदाज में लाठियां चलाईं और उसके सांसदों-विधायकों को पीटा वह बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत का प्रस्थान बिंदु हो सकता है। असल में बिहार एक ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के सामने बिहार की राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने का वास्तविक अवसर है। एक बार पहले भी 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद यह अवसर आया था लेकिन उस समय भाजपा इस अवसर का लाभ उठाने की स्थिति में नहीं थी। यह भी कह सकते हैं कि वह लोकसभा चुनाव में मिली भारी भरकम जीत के बाद अति आत्मविश्वास में थी इसलिए 2015 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की ओर से बनाए गए मंडल की राजनीति के नैरेटिव को बहुत हलके में लिया था। भाजपा नेता इस मुगालते में रहे कि नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ी जाति के नेता हैं और उनका अखिल भारतीय करिश्मा ऐसा है कि उनके सामने लालू और नीतीश की पारंपरिक मंडल राजनीति नहीं टिकेगी। तभी चुनाव नतीजा भाजपा के लिए सदमे की तरह था और यही वजह रही कि पहला मौका मिलते ही वह फिर से नीतीश की शरण में पहुंच गई।

लेकिन इस बार भाजपा सावधान है और अपने दांव-पेंच आजमाने को तैयार है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उसने बहुत बारीकी से नीतीश कुमार को कमजोर करने की राजनीति की। चिराग पासवान का एनडीए से अलग होना और 2020 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ जदयू के खिलाफ उम्मीदवार उतारना इसी राजनीति का हिस्सा था। इस राजनीति ने नीतीश कुमार की पार्टी को न सिर्फ तीसरे नंबर की पार्टी बनाया, बल्कि तीसरे दर्जे की पार्टी भी बना दिया। उनका अपना वोट आधार बहुत कम हो गया और राष्ट्रीय जनता दल लगातार दूसरी बार प्रदेश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर उभरी। इसके बाद सब कुछ लिखित पटकथा की तरह हुआ। नीतीश कुमार मंडल की राजनीति को बचाने और अपनी पार्टी के अस्तित्व की रक्षा के लिए राजद के साथ चले गए। उन्होंने लालू प्रसाद के साथ मिल कर सात पार्टियों का एक गठबंधन बनाया। जदयू और राजद के नेता इसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानते रहे लेकिन असलियत यह है कि उनकी इस राजनीति ने बिहार में विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को सौंप दिया। अभी इकलौता विपक्ष भाजपा है और पूरा मैदान उसका है।

इससे पहले नवंबर 2015 से जुलाई 2017 तक यानी डेढ़ साल तक भाजपा इकलौते विपक्ष के तौर पर थी लेकिन तब वह विपक्ष की राजनीति करने की बजाय इस इंतजार में थी कि नीतीश कुमार कब वापसी करेंगे और भाजपा कब सत्ता में लौटेगी। वह विपक्ष के तौर पर काम करने की बजाय सत्ता में लौटने का इंतजार कर रही थी। इस बार तस्वीर अलग है। इस बार भाजपा ने अपने को मजबूत विपक्ष के लिए तैयार किया है। कुछ भाजपा की तैयारियों और कुछ भाजपा विरोधी पार्टियों की राजनीति ने ऐसा अवसर बनाया है, जिसका इस्तेमाल करके वह प्रदेश की केंद्रीय राजनीतिक ताकत बन सकती है। इतिहास में भाजपा के सामने ऐसा अवसर पहले कभी नहीं आया। वह कभी भी बिहार की मजबूत पार्टी नहीं रही है। एकीकृत बिहार में उसकी ताकत दक्षिण बिहार में थी, जो क्षेत्र बाद में झारखंड बना और जहां आज भी भाजपा एक बड़ी ताकत है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी जैसा आधार दक्षिण बिहार यानी आज के झारखंड में बनाया था वैसा बिहार में नहीं बन सका था।

तभी बिहार में लालू प्रसाद की मंडल राजनीति को चुनौती देने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को कंधे पर उठाया था। समता पार्टी के समय बना समीकरण दोनों के लिए फायदे वाला था इसलिए वह समीकरण चलता रहा। अब भाजपा खुद वह राजनीति करने की स्थिति में है। नीतीश कुमार के कमजोर होने और राजद की ताकत बढ़ने से भाजपा के लिए मौका बना है। खुद भाजपा ने भी कई राजनीतिक प्रयोग किए। सवर्ण, वैश्य और यादव नेतृत्व के आजमाने के बाद अंत में भाजपा वहां पहुंची, जहां से नीतीश कुमार ने शुरुआत की थी। नीतीश ने शकुनी चौधरी के साथ मिल कर समता पार्टी का गठन किया था और लव-कुश का समीकरण बनाया था। लव यानी कुर्मी का प्रतिनिधि नीतीश कुमार करते थे और कुश यानी कोईरी का प्रतिनिधित्व शकुनी चौधरी करते थे। अब भाजपा ने शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह समय का पहिया 360 डिग्री पर घूमने जैसा है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव में जब नीतीश अकेले लड़े थे तब उनको 16 फीसदी वोट मिला था। उसमें बड़ा हिस्सा उनके लव-कुश समीकरण का था और बाकी अतिपिछड़ी जातियों का वोट था, जो उनको मिला। अब उनके लव-कुश के कोर वोट में भाजपा ने सेंध लगाई है। दूसरे, लालू प्रसाद की पार्टी के मजबूत होने से अति पिछड़ी और महादलित जातियां, नए आसरे की तलाश में हैं क्योंकि उनको दिख रहा है कि अब नीतीश महागठबंधन में रहते हुए उनके हितों की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। वे उनको सत्ता में हिस्सेदारी भी नहीं दिला सकते हैं।

सो, एक तरफ भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग की राजनीति है, जिसमें गैर-यादव और गैर-कुर्मी पिछड़ी जातियों के लिए जगह बनी है और दूसरे राजद, जदयू, कांग्रेस और सभी लेफ्ट पार्टियों के एक साथ हो जाने से विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को मिल गया है। पहले किसी की सरकार होती थी तो कम्युनिस्ट पार्टियां प्रदर्शन करती थीं अब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा है। जिसको भी सरकार से नाराजगी है उसके पास भाजपा के साथ जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। गैर यादव और गैर कुर्मी राजनीति करने वाली पार्टियों में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी है और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक जनता दल है। ये दोनों पार्टियां भी भाजपा के साथ हैं या आ जाएंगी। महादलित राजनीति करने वाले जीतन राम मांझी भी भाजपा के साथ जुड़ गए हैं। और तमाम छिटपुट संकेतों के बावजूद सवर्ण बुनियादी रूप से भाजपा के साथ हैं हीं। सो, जो भाजपा कभी बिहार में हाशिए की पार्टी होती थी और जिसे हमेशा बैसाखी की जरूरत होती थी वह अपने दम पर एक बड़ा राजनीतिक व सामाजिक समीकरण बना कर लड़ने की स्थिति में है।

उसके मुकाबले महागठबंधन का जो समीकरण दिखाया जा रहा है वह एक बुलबुला है, जिसकी हकीकत अधिकतम 40 फीसदी वोट की है। भाजपा के रास्ते में एक बाधा नीतीश कुमार थे, उनके कमजोर होने से वह बाधा दूर हो गई है। महागठबंधन के नेता अब भी 2015 के चुनाव नतीजे की माला जपते हैं। लेकिन तब से गंगा में बहुत पानी बह चुका है। भाजपा अकेले वैकल्पिक राजनीतिक ताकत के तौर पर उभर चुकी है। और यह हकीकत है कि वर्जिन टेरेटरी यानी ऐसी जगह, जहां भाजपा कभी सत्ता में नहीं आई है वहां उसके लिए सबसे उर्वर जमीन होती है। वहां लोगों के में उत्सुकता रहती है कि वे भाजपा को आजमाएं।

पिछले 33 साल से लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की सत्ता देख रहे लोगों में अगर भाजपा को आजमाने की चाहना हो तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। जातीय जनगणना और आरक्षण की राजनीति जदयू व राजद का आखिरी दांव है, जिसे आजमाया जा रहा है। अगर यह दांव चला तो हो सकता है कि भाजपा को अपनी सरकार बनाने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुत मजबूती से लड़ेगी।

## सू- दोकू क्र.017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.16 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# दवा उद्योग का संकट

पिछले दस महीनों में भारतीय कंपनियों की दवाओं के खिलाफ डब्लूएचओ की यह पांचवीं चेतावनी है। पिछले कुछ महीनों से भारत का दवा उद्योग अंतराष्ट्रीय विवादों से जूझ रहा है, क्योंकि कई देशों से भारतीय दवाओं से लोगों की जान जाने की खबरें आ चुकी हैं।

एक समय भारत में खासकर जेनेरिक दवाओं का उद्योग इतनी तेजी से विकसित हुआ कि भारत को गरीब देशों के लोगों का जीवन-रक्षक बताया जाने लगा। लेकिन भारतीय दवाएं अगर दुनिया भर में इस्तेमाल की जाने लगीं, तो इसका कारण सिर्फ उनका सस्ता होना नहीं था। बल्कि सस्ता होने के साथ भारतीय दवाओं ने सुरक्षित और प्रभावी होने की अपनी साख भी बनाई थी। आज यही साख खतरे में है। विदेशों में एक के बाद दूसरी दवा को असुरक्षित घोषित करने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ताजा खबर है कि विश्?व स्वास्थ्य संगठन का एलान है। संगठन ने कहा है कि पिछले महीने इराक में पाया गया दूषित सामान्य कोल्ड सिरप तमिलनाडु स्थित एक भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित किया गया था। दूषित बैच का निर्माण फोर्ट्स (इंडिया) लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। डैबिलाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए बनी 'कोल्ड आउट' नाम की सर्दी की दवा है, जिसकी इराक में बिक्री होती है। डब्लूएचओ के मुताबिक इस दवा के सैंपल में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा मानक से काफी ज्यादा थी।

संगठन ने अपने बयान में कहा है- 'यह उत्पाद घटिया और असुरक्षित है। इसका इस्तेमाल खासकर बच्चों को गंभीर नुकसान या उनकी मौत का कारण बन सकता है।' पिछले दस महीनों में भारतीय कंपनियों की दवाओं के खिलाफ विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पांचवीं चेतावनी है। पिछले साल गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में कम से कम 89 बच्चों की मौत के लिए भारतीय कंपनी मेडेन फार्मास्यूटिकल्स के कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके अलावा भारतीय अधिकारियों को राइमन लैब्स द्वारा निर्मित कफ सिरप में भी विषाक्त पदार्थ मिले, जिसे कैमरून में बच्चों की मौत के लिए दोषी ठहराया गया था। गौरतलब है कि भारत में दवा निर्माण का 41 अरब डॉलर का उद्योग है। यह दुनिया के सबसे बड़े दवा निर्माताओं में से है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से भारत का दवा उद्योग अंतराष्ट्रीय स्तर पर विवादों से जूझ रहा है, क्योंकि गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और अमेरिका में भी भारतीय दवाओं के कारण लोगों की जान जाने की खबरें आ चुकी हैं। (आरएनएस)

## राणा दग्गुबाती व दुलकर सलमान ने कांथा के लिए मिलाया हाथ

एक्टर राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान आगामी बहुभाषी फिल्म कांथा में साथ काम करते नजर आएंगे। स्पिरिट मीडिया के फाउंडर राणा ने दुलकर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, स्पिरिट मीडिया में, हम हमेशा अनूठी और आकर्षक कहानियों की तलाश में रहते हैं, और कांथा निस्संदेह उस दृष्टिकोण पर फिट बैठती है। दुलकर और वेफरर फिल्म्स के साथ काम करना और एक शानदार निर्देशक सेल्वमणि सेल्वराज से अनुभव प्राप्त करना वास्तव में फायदेमंद है और मेरे दोस्त दुलकर के लिए यह उनके लाखों प्रशंसकों के साथ उनका जन्मदिन मनाने के लिए टीम की ओर से एक शानदार उपहार है। कांथा में दुलकर को पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में दिखाया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज द्वारा किया जाएगा, जिनकी आगामी परियोजना द हंट फॉर वीरप्पन नामक एक अंतरराष्ट्रीय डॉक्यू-ड्रामा सीरीज 4 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। उन्होंने लाइफ ऑफ पाई में ऑस्कर विजेता निर्देशक एंग ली को भी असिस्ट किया था। वेफरर फिल्म्स के संस्थापक दुलकर ने कहा, कांथा मेरे दिल के बेहद करीब है और जिस दिन से मैंने इसकी कहानी सुनी है, मैं इसे जीवंत करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि यह भारतीय सिनेमा में देखी गई किसी भी चीज से अलग है।

# लाखों रूपये की स्मैक सहित बरेली का तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। बरेली से तस्करी कर उधमसिंहनगर लायी जा रही लाखों रूपये की स्मैक (53.31 ग्राम) सहित पुलिस ने एक बरेली के तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना गदरपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ बरेली के नशा तस्कर स्मैक सप्लाई हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र मे चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान बार्डर से महतोष की तरफ तेजी से आ रही एक संदिग्ध बाइक को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक चालक तेजी से बाइक मोडकर नवाबगंज बार्डर की तरफ भागने का प्रयास करने लगा, इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक पारदर्शी पन्नी में रखी 53.31 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम मोबीन खाँ पुत्र हसमत खाँ निवासी ग्राम गुगई बाना मीरगंज जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। बताया कि मै यह स्मैक बरेली से मोहित नाम के व्यक्ति से लाता हूँ और गदरपुर व केलाखेडा में बेचता हूँ। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। बरामद स्मैक की कीमत लगभग पांच लाख रूपये बतायी जा रही है।

# कलयुगी पिता पर नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म का आरोप, भेजा जेल

हमारे संवाददाता

उधमसिंह नगर। कलयुगी पिता को अपनी सगी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल परिक्षण में पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार एक पिता पर अपनी ही 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने का आरोप लगा है। पीड़िता के चाचा की तहरीर पर पुसि ने पोक्सों सहित अन्य विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपनी माता और नाबालिग बेटी के साथ राज्य सीमा स्थित यूपी क्षेत्र में एक फार्म पर नौकरी करता था। कई साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। दो दिन पहले पीड़िता अपने चाचा के घर आई थी। इस दौरान चाचा सहित अन्य परिजनों ने किशोरी से पेट में हो रही सूजन के बारे में पूछा, जिस पर किशोरी ने पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। इससे चाचा सहित अन्य परिजनों के होश उड़ गए। मामले की गम्भीरता को देखते हुए चाचा ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि पीड़िता के मेडिकल परीक्षण में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376, पॉक्सो के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## आसमानी आफत से संकट में जनजीवन.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

उधर बागेश्वर से भी भारी बारिश की खबरें हैं तथा सरयू नदी उफान पर है बीते कल टिहरी के चंबा में हुए भूस्खलन की घटना में रेस्क्यू के दौरान एक शव बरामद कर लिया गया है जबकि 4 लोगों के शव पहले ही मिल चुके हैं।

राज्य में हो रही भारी बारिश के कारण दून सहित तमाम जिलों में आज स्कूल बंद रखे गए। अब एक बार फिर मौसम विभाग द्वारा दून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर तथा उधम सिंह नगर सहित 7 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट तथा उत्तरकाशी, हरिद्वार, चमोली, पिथौरागढ़ सहित पांच जिलों में येलो अलर्ट जारी कर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। राज्य में 206 सड़के बंद हैं तथा गंभीर खाद्य संकट पैदा हो गया है।

## करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

साथियों के साथ मिलकर उक्त कम्पनी बनाई तथा वर्ष 2015 से उत्तराखण्ड के अलग-अलग जनपदों के शिक्षित व बेरोजगार नवयुवको को कम्पनी मे कम्पनी का प्रचार करने व अन्य नवयुवको को जोडने व उनसे निवेश कराने हेतु प्रेरित किया। जिससे स्थानीय बेरोजगार नवयुवक कम्पनी से जुड गये तथा आरोपी के अनुसार व आश्वासन पर कम्पनी के खातो में उनके बचत खाते खुलवाये गये। जिनके द्वारा कम्पनी के खातो में धनराशि जमा कराई गई। जिनसे समय-समय पर धनराशि आहरित की जाती थी। जिससे स्थानीय व्यक्तियों को कम्पनी में खाता खोलने पर पुरा यकीन हो गया था। जब कम्पनी में लोगों की काफी धनराशि जमा हो गई और उनकी आर.डी./ बचत पत्र का समय पूर्ण होने लगा तो वर्ष 2021 के अन्त में कम्पनी फरार हो गई थी। जिस पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने पूर्व में ही कम्पनी के पदाधिकारी कपिल देव राठी, पकॅंज गम्भीर व अनिल रावत को गिरफ्तार कर लिया था।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली से वापस आते ही सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचकर प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि एवं नुकसान की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी एवं पौड़ी से फोन पर वार्ता कर इन जनपदों में हुए नुकसान की जानकारी ली। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले दो दिनों में राज्य के अधिकांश जनपदों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखें एवं सभी सहयोगी संस्थाओं से निरन्तर समन्वय बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जनपदों में खाद्यान से संबंधित सभी वस्तुओं के साथ ही दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता रखी जाएं। शासन के उच्चाधिकारियों एवं सचिव आपदा प्रबंधन को भी जिलाधिकारियों से निरन्तर समन्वय बनाये रखने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं।

## सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्रदेश में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से प्रदेश में बहुत लोग प्रभावित हुए हैं। कुछ लोगों ने अपने परिवार के लोगों को खोया है। काफी लोग बेघर हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए जल्द ही एक योजना लाई जा रही है। बेघर हुए लोगों को पुनर्वास की व्यवस्था, उनके रोजगार के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। जिन बच्चों ने इस आपदा में अपने माता-पिता को खो दिया है, उन बच्चों के लिए शिक्षा का इस योजना के तहत प्रबंध किया जायेगा। अतिवृष्टि के कारण प्रदेश में आपदा की स्थिति है। सड़कों, पुलों, मकानों, फसलों, बिजली एवं पानी की लाईनों का भी काफी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में अतिवृष्टि से एक हजार करोड़ से भी अधिक की परिसम्पति का प्रदेश को नुकसान हुआ है। भारत सरकार की टीम ने राज्य में हो रहे नुकसान का प्रारंभिक रूप में सर्वे भी किया है। आपदा से हो रहे नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य सरकार से भी भारत सरकार को पत्र भेजा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंध न प्राधिकरण श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव सविन बंसल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# एनआईटी के पूर्व निदेशक पर हेराफेरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

देहरादून। हवाई टिकटों की खरीद में हुई हेराफेरी के आरोप में पुलिस ने एनआईटी के पूर्व निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महाराष्ट्र के नागपुर के रहने वाले प्रो. एचटी थोराट एनआईटी में नवंबर 2011 में निदेशक बने थे और अक्टूबर 2016 में सेवानिवृत्त हुए। उनके कार्यकाल में वर्ष 2013-14 में एक एजेंसी के माध्यम से हवाई टिकटों की खरीद की गई थी। इस मामले में अब राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड के पूर्व निदेशक प्रो. एचटी थोराट के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रो. थोराट पर निदेशक पद पर रहते हुए हवाई टिकटों की खरीद में हेराफेरी करने का आरोप है।




## ❑हवाई टिकटों की खरीद में धोखाधड़ी का है मामला

कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एनआईटी के कुलसचिव की तहरीर पर पूर्व निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि इस मामले में पूर्व में सीबीआई जांच भी हुई थी। मार्च-अप्रैल 2022 में सीबीआई ने पूर्व निदेशक सहित पांच लोगों के खिलाफ हवाई टिकटों की खरीद में हेराफेरी की पुष्टि करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को कार्रवाई की संस्तुति भेजी थी। मई-जून 2022 में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी उत्तराखंड प्रशासन को संस्थान से सेवानिवृत्त हो चुके लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और सेवारत लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एनआईटी प्रशासन ने कोतवाली में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी प्रशासन से मामले में प्रगति रिपोर्ट तलब की। इसके बाद एनआईटी के कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कोतवाली श्रीनगर को रिमाइंडर भेजा। इसके बाद पुलिस ने हरकत में आते हुए संस्थान के पूर्व निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# अवैध खनन की पैमाइश करने पहुंचे तहसील कर्मियों के साथ मारपीट

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी के आदेश पर अवैध खनन की पैमाइश करने पहुंचे तहसील कर्मचारियों के साथ मारपीट गाली गलौच करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज मोहर्रिर सदर पंकज चंद ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय के ऋषिपर्णा सभागार में आहूत जन शिकायत निवारण के तहत दर्ज शिकायत 21 अगस्त के क्रम में जिला खान अधिकारी के मोबाइल पर दिये गये आदेशों के अनुपालन में खनन विभाग के कार्मिक शिकायती पत्र में उल्लेखित स्थल पर पहुँचे और शिकायती स्थल में उपस्थित लोगो से चौहान ट्रेडर्स के स्वामी के बारे में पूछा तो उनके द्वारा ऑफिस का संकेत किया गया। ऑफिस में जाने पर भी वह नहीं मिले तदोपरान्त मौके पर अवैध एकत्रित फण्डारित उपखनिज की पैमाइश प्रारम्भ कि गई तो कुछ ही समय में संजय सिंह रावत (जीएमवीएन कार्मिक) एवं शंकर सिंह चौहान (चौहन ट्रेडर्स के स्वामी) मौके पर उपस्थित हो गये तथा पैमाइश के दौरान उन्होंने पहले अभद्रता करनी शुरू की तथा तदोपरान्त पंकज चन्द खनिज मोहरिर तहसील सदर को थप्पड मारने शुरू कर दिये तथा शिकायती पत्र एवं पंकज चन्द का मोबाइल छिनकर ले गया। ऑफिस मे जब मोबाइल वापस करने का निवेदन किया गया तो गाली गलौच दी एवं धमकाने तथा तदोपरान्त पंकज चन्द ने विभागीय अनुसेवक महाशंख चक्रधारी के मोबाइल से उच्चाधिकारी एवं 112 मे काल की तो फिर शंकर सिंह चौहान (चौहान ट्रैडर्स के स्वामी) बाहर आकर फिर पंकज चन्द्र खनिज मोहर्रिर में मारपीट करने तथा फिर अनुसेवक महाशंख चक्रधारी द्वारा मना करने पर उनके मुँह मे मुक्का मारा तथा जैसे ही वे जमीन मे घिर गये तो फिर उनकी छाती में, लात मारने लगा जिससे अनुसेवक के मुँह में चोट लगी तथा खनिज मोहर्रिर के आँख लाल एवं आँख के आसपास तेज दर्द हो रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

# नहीं लड़ूंगा 24 का इलेक्शनः सनी देओल

नई दिल्ली। पंजाब के गुरदासपुर संसदीय सीट से चुनकर आने वाले सांसद और अभिनेता सनी देओल ने अपनी राजनीतिक पारी को विराम देने की घोषणा कर दी है। आजकल फिल्म गदर-2 और बैंक ऑफ बड़ौदा से 56 करोड़ रुपये के कर्ज के मामले में कथितरूप से बंगाले नीलामी की खबरों के कारण सुर्खियों में रहने वाले सनी देओल ने एक समाचार चौनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि वह 2024 में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। गुरदासपुर से भाजपा के सांसद सनी देओल ने कहा, ष्मैं अभिनेता रहकर ही काफी खुश हूं। बतौर एक्टर भी मैं देश की उतनी ही सेवा कर सकता हूं, जितना की सांसद बनकर।ष् इसके साथ ही सनी देओल ने यह भी कहा, ष्मेरे लिए किसी भी काम का कमिटमेंट बहुत जरूरी है और वो राजनीति में भी लागू होती है। अगर मैं राजनीति में कुछ कमिट कर दूं और उसे पूरा न करने से चूंक जाऊं, तो मुझसे वह बर्दाश्त नहीं होता है। मैं ऐसा नहीं कर सकता। सनी देओल ने संसद की कार्य प्रणाली पर भी असंतोष जाहिर करते हुए कहा, ष्मैं जब संसद जाता हूं तो देखता हूं कि यहां देश चलाने वाले लोग बैठे हैं, सभी पार्टियों के सांसद बैठे हैं लेकिन वहां उनके द्वारा जिस तरह का व्यवहार होता है, वो आश्चर्यजनक है क्योंकि हम दूसरे लोगों से कहते हैं कि आप आपस में ऐसा व्यहार मत करो। जब में ये देखता हूं तो लगता है कि मैं ऐसा नहीं हूं, इससे बेहतर तो ये है कि मैं कहीं और ही चला जाऊं।



# जमीन के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर 35 लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजावाला आईटी पार्क निवासी हर्षित शर्मा ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वकील अनवर द्वारा एक सम्पत्ति उसको दिखाई गई थी। जो कि प्रथम तल पर स्थित 2 बीएचके का एक फ्लैट जिसका सुपर एरिया 1200 वर्गफीट जो कि मयूर विहार स्थित था। जिसका कुल सौदा, 34 लाख रूपये में तय हुआ जिसमे 20 लाख रूपये 27 सितम्बर 2020 को द्वारा आरटीसीएस एवं 10 लाख रूपये नगद इसके द्वारा प्राप्त कर लिये गये शेष धनराशी विकय पत्र निष्पादन के समय देना तय हुआ। विकय पत्र निष्पादन का समय 25 सितम्बर 2020 से 6 माह के बीच तय हुआ। परन्तु वकील अनवर तय सीमा के अन्दर फ्लैट की रजिस्ट्री नही की गयी और कहने लगे एक दूसरी जगह उनके पास. एक प्लाट है वह प्लाट खरीद लो तथा यह थोड़ा महंगे है वह खरीद लो और कुछ पैसे दे दो। उन्होंने उसको दूसरा प्लाट कण्डोली मयूर विहार, में दिखाया ओर उससे शहाबुद्दीन की ओर से एक अनुबन्ध किया। यह सौदा पैतालिस लाख रूपये में तय हुआ। उससे पांच लाख रूपये भी लिये। लेकिन दोनों की जगह की रजिस्ट्री नही करायी गयी जिसके बाद उसको पता चल गया कि उक्त लोगों ने उसके साथ धोखा किया है।

# नूंह हिंसा के ईनामी बदमाश को पुलिस के साथ मुठभेड़ में लगी गोली

नई दिल्ली। हरियाणा के नूंह-मेवात में हुई हिंसा के बाद पुलिस तेजी से धरपकड़ अभियान चला रही है। इस बीच मंगलवार को नूंह हिंसा के एक इनामी बदमाश वसीम की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में वसीम के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वसीम 25 हजार रुपए का इनामा बदमाश है। फिलहाल, अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक वसीम के साथ मुठभेड़ तावडू में स्थित अरावली पहाड़ के खंडहर में हुई। पुलिस जब उसे पकड़ने गई तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। दोनों तरफ से फायरिंग होने के बाद वसीम के पैर में गोलियां लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद उसे अरेस्ट कर इलाज के लिए नल्हड मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है। वसीम के पास से एक अवैध देशी कट्टा और 5 राउंड भी बरामद किए गए हैं। वसीम पर नूह में हिंसा के दौरान पुलिस के जवानों का हथियार छीन कर फायरिंग करने का आरोप है। उस पर दिल्ली एनसीआर में लगभग 100 वारदातों को अंजाम देने का आरोप है। उसनें ज्यादातर वारदातों में बड़े शो रूम में तोड़कर लूट पाट की वारदात को अंजाम दिया है। तावडू में इस पर हत्या का मामला भी दर्ज है। नूंह हिंसा के मामले में किसी आरोपी के साथ पुलिस की यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 10 अगस्त को भी पुलिस ने नूंह हिंसा के दो आरोपियों का एनकाउंटर किया था। आरोपियों मुनसैद और सैकूल को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया था। एनकाउंटर में सैकुल के पैर में गोली लगी थी।



# ढाई करोड की चोरी का आरोपी प्रापर्टी ब्रोकर गिरफ्तार, रुपये बरामद

संवाददताता

देहरादून। दो करोड साठ लाख रूपये की चोरी करने वाले प्रापर्टी ब्रोकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चुरायी गयी सारी नगदी भी बरामद की गयी है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 19 अगस्त को मीनू गोयल पुत्री ओमप्रकाश गोयल निवासी न्यू डिफेन्स कालोनी विश्वनाथ एन्क्लेव रायपुर देहरादून ने 18 अगस्त की रात्रि में अपने घर से रूपये व ज्वैलरी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा पीडिता से गहनता से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह डेढ माह पूर्व देहरादून शिफ्ट हुई थी जिसके लिये उसने अपनी, अपनी माता व अपने भाई की सारी सम्पत्ति को करीब 13 करोड में बेच दिया था। जिसमें कुछ धनराशि उसने अपने अकाउन्ट में लिये तथा कुछ धनराशि नकद प्राप्त किया था। जमीन खरीदने के लिये वह प्रोपर्टी ब्रोकर सन्नी से मिली। जिसने उसको राजपुर में जमीन दिखायी व जिस मकान में वह रह रही



है वह मकान भी सन्नी ने अपने जानने वालों की सहायता से मुझे 2 करोड में दिलवाया। सन्नी को पता था कि उसके पास करोडों रूपये नगद है। 18 अगस्त को वह अपने पार्टनर प्रदीप के यहां रात्रि साढे आठ बजे बर्थडे पार्टी में वह अपने परिवार सहित राजपुर रोड दून दरबार गयी थी, जिसमें सन्नी भी आया था। बर्थडे पार्टी कर जैसे ही वह घर पहुंची तो देखा कि उसके घर में तीन बडे साइज के ट्राली बैगों में रखे लगभग 2 करोड 60 लाख रूपये व कमरे में लगाया गया सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो घटना वाले दिन घटनास्थल पर एक स्विफ्ट डिजायर कार दिखाई दी। जिसके बाद पुलिस को पता चला कि सन्नी के पास भी ऐसी ही कार है। इसी आधार पर पुलिस द्वारा संदिग्ध सन्नी के क्रिया कलापों पर नजर रखी जाने लगी। जिस पर पुलिस को महत्वपूर्ण सूचना मिली की सन्नी अपने परिचित की कार सफारी से कहीं जा रहा है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा सन्नी को वंसुधरा एन्क्लेव सहस्त्रधारा रोड से वाहन सहित गिरफ्तार किया गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में रखे 20 लाख रूपये नगद बरामद किये गये। सख्ती से पूछताछ करने पर सन्नी द्वारा उक्त 20 लाख रूपये पीडिता मीनू गोयल के घर से चोरी करना स्वीकार करते हुए अन्य 2 करोड 40 लाख रूपये शिप्रा एन्क्लेव हास्टल में छुपाकर रखे होने व चोरी में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार गंगोत्री विहार केनाल रोड में खडी होना बताया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने 2 करोड 40 लाख रूपये नगद, 2 ट्राली बैग व घर के पास से ही घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गयी। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने पर एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने पर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों सहित एक दर्जन लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने अपनी मांगों को लेकर चीनी मिल के गेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंका था। जिसके बाद डोईवाला कोतवाल मुकेश त्यागी के द्वारा किसान मोर्चा संयोजक तेजेन्द्र सिंह, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, फुरकान अहमद, मोहित उनियाल परवादून कांग्रेस अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सागर मनवाल, सहकारी गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल, सुरेन्द्र सिंह नेगी, अनिल प्रधान, जहीर अंजुम मण्डल उपाध्यक्ष, याकूब अली, दलजीत सिंह व उमेद वोहरा के खिलाफ नारेबाजी कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने पर विशेष प्रांत शक्ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## डोईवाला कोतवाल मुकेश त्यागी सहित तीन लाईन हाजिर

संवाददाता

देहरादून। ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में एसएसपी ने डोईवाला कोतवाल मुकेश त्यागी सहित तीन लोगों को लाईन हाजिर कर दिया।


मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी/एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने डोईवाला कोतवाल मुकेश त्यागी, लालतप्पड चौकी प्रभारी नवीन डंगवाल, डोईवाला कोतवाली में तैनात दरोगा मुकेश कुमार को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर कर दिया।

# यमुना में बहे महाराष्ट्र के तीर्थ यात्री का शव बरामद

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। यमुना के तेज बहाव में बहे महाराष्ट्र के तीर्थ यात्री का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। जिसका पंचनामा भर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 6.30 बजे एक व्यक्ति के किसाला नामक स्थान पर यमुना नदी में बहने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर बडकोट पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम तुरन्त आवश्यक उपकरण के साथ मौके पर पहुंचे। सर्च अभियान के दौरान पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा उक्त व्यक्ति को खरादी के पास यमुना नदी से मृत अवस्था में बरामद किया गया। शिनाख्त करने पर उसकी भाव साहेब पुत्र श्याम राव निवासी ग्राम ददोल तहसील बाजपुर जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र उम्र-42 के रुप में हुयी। मौके पर उनकी पत्नी द्वारा बताया गया कि वह लोग यात्रा



पर आये थे, यमुनोत्री दर्शन करने के बाद वह किसाला स्थित होटल में रुके थे, सुबह करीब 6.20 पर उनके पति यमुना नदी में स्नान करने के लिए निकले थे, अचानक पैर फिसलने के कारण वह यमुना नदी मे बह गये। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को सीएचसी बडकोट ले जाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक निरीक्षक सहित तीन के स्थानातरण, देवेन्द्र बने डोईवाला कोतवाल

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी ने एक निरीक्षक सहित तीन लोगों के स्थानान्तरण करते हुए देवेन्द्र चौहान को डोईवाला कोतवाल का कार्यभार सौपा।

आज यहां डीआईजी/एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने तत्काल प्रभाव से पुलिस लाईन में तैनात देवेन्द्र चौहान को डोईवाला कोतवाल, मसूरी में तैनात दरोगा प्रमोश शाह को लालतप्पड चौकी प्रभारी व मसूरी में तैनात दरोगा शोयब अली को डोईवाला कोतवाली में स्थानान्तरित कर दिया। सभी को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*